हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 22 सितंबर 2025


तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री


10 करकाभाट में श्रमिकों का हुआ निःशुल्क नेत्र परीक्षण





12 पेंशनर समाज की हुई मासिक बैठक






## नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।

वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

**पर्व : 1 अक्टूबर को मनाया जाएगा नवमी दशहरा**

# नवरात्रि आज से मंदिरों में होंगी मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

मां बंजारी धाम वटकेश्वर महादेव समिति एवं ग्रामवासी जुंगेरा द्वारा क्वांर नवरात्रि के पावन पर्व पर मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जा रही है व ज्योत जवारा का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमे 22 सितंबर को सुबह 11:36 बजे मनोकामना ज्योति एवं जवारा स्थापना किया जाएगा। 27 सितंबर को शाम 6 बजे पंचमी पूजा किया जाएगा। 30 सितंबर को अष्टमी हवन एवं नवकन्या भोज का आयोजन शाम 4 बजे किया जाएगा। 1 अक्टूबर को सुबह 11 बजे विसर्जन एवं शोभायात्र निकाली जाएगी।

जिसमे प्रतिदिन 9 दिवसीय माता सेवा का आयोजन होगा। 30 सितंबर को अष्टमी भंडारा का आयोजन किया जाएगा। 23 से 27 सितंबर तक सीताराम धर्म राम कथा रामलीला मंडली प्रयागराज सांईकृपा छत्तीसगढ़ लोक सांस्कृतिक संस्था चारभाठा गुण्डरदेही का आयोजन किया जाएगा। 1 अक्टूबर को नवमी दशहरा मनाया जाएगा। जिसमे समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार साहू, उपाध्यक्ष बालकृष्ण साहू, डी कौशिक, सचिव डॉ राजेश चन्द्राकर, कोशाध्यक्ष चन्द्रकुमार बरप्याग, सह सचिव श्रवण साहू, पुजारी पंडित दिनेश द्ववेदी, प्रचार मंत्री मनोज कुमार साहू, संरक्षक दुर्जन साहू, केशव साहू, नीलम कोठारी, भगवती साहू, मोहित साहू, लालसाय साहू, गोपाल सूर्यवंशी तथा ग्रामीणो का सहयोग रहेगा।

### नवरात्रि पर मनोकामना ज्योति व माता सेवा कार्यक्रम

**गुरूर।** मां कंकालीन मैया मंदिर समिति कनेरी द्वारा क्वांर नवरात्रि के अवसर पर मनोकामना ज्योति जलाने के साथ मंदिर प्रांगण मे 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमे 22 सितंबर को रात्रि स्थानीय स्कूली बच्चो द्वारा एकल एवं सामुहिक रिकार्डिंग डांस का आयोजन किया गया है जिसे मंदिर समिति द्वारा पुरस्कृत किया जावेगा। 23 सितंबर को माता सेवा का आयोजन किया गया है। 24 सितंबर को जय मां शीतला जस गीत मंडली ग्राम जवरगांव धमतरी विशेष झांकी नवदुर्गा महिशा सूर संहार कथा प्रसंग–वीर दानी मोरध्वज का आयोजन किया गया है। 25 सितंबर को माता सेवा का आयोजन किया गया है। 26 सितंबर को पंचमी पूजा के अवसर पर जय शीतला छत्तीसगढ़ी



नाचा पार्टी भानपुरी धमतरी बड़े करेली कुरूद के नारी की परीक्षा संचालक माहेन लाल खापर्डे का आयोजन किया गया है। 27 सितंबर को माता सेवा का आयोजन किया गया है। 28 सितंबर को श्री हरि मिलन रामधुनी मंडली केकती पारा चारामा प्रस्तुती–धनुश यज्ञ, सीता स्वंयवर, संचालक–मुले"वर साहू का आयोजन किया गया है। 29 सितंबर को माता सेवा का आयोजन किया गया है। 30 सितंबर को अष्टमी पूजा के अवसर पर दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक जय बईगिन बुढ़ी दाई छत्तीसगढ़ी लोक रिकार्डिंग डांस परिवार, सुरता के डोरी गौरव ग्राम निपानी बालोद, संचालक–लोकेन्द्र कुमार साहू व भोजन भंडारा एवं संध्या 5 बजे से नौ कन्या भोज किया जावेगा, 1 अक्टूबर को ज्योति कलश शोभा यात्र मां कंकालीन मैय्या मंदिर से शीतला मैय्या मंदिर तक निकाली जाएगी। जिसमे प्रत्येक दिन स्थानीय माता सेवा मंडली कनेरी द्वारा एवं आगंतुक माता सेवा मंडली द्वारा माता सेवा का आयोजन किया जावेगा।

### आस्था की ज्योति से जगमगाएगा बाबा दरबार

**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भक्तों द्वारा मनोकामना ज्योति प्रज्वलित किया जाएगा इस दरबार में कुंवार एवं चैत्र दोनों नवरात्रि में ज्योति प्रज्वलित किया जाता है आज दोपहर 12 बजे दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी एवं पंडित विनय शर्मा द्वारा विधी विधान के साथ पुजा पाठ कर के घटस्थापना वेदी पुजा करके फिर अखंड ज्योति प्रज्वलित किया जाएगा। आज से हर रोज रात्रि में गुलाब साहू एवं हेमंत साहू जी के सेवा भजन मंडली द्वारा माता सेवा किया जाएगा तत पश्चात प्रसाद वितरण एवं रात्रि 7 बजे से माता रानी की आरती किया जाएगा। पंचमी के रोज माता जी का विषेश सिंगार कलश चढहावा के पश्चात आरती किया जाएगा। जिन भी भक्तों को इस आरती मे



सम्मिलित होना है वे अपने अपने घरो से आरती की थाल सजाकर समम्लित हो सकते हैं दरबार श्री लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि ज्योति प्रज्वलित के समय बड़ी संख्या में दरबार के भकत गण एवं गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेगे। विनोद साहू राजू यादव मनसुखा साहू मनोज पटेल नंद पंडा भोलू खिलेशवर साहू ,गुलाब साहू ,योगेश साहू ,मुनना गंधर्व, वासुदेव स्प्रे ,जीवराखन, बाबू लाल साहू, बबलू गज्जू , दिनेश साहू, मारियल साहू, कुंभकरण पटेल, रोमनाथ साहू, सुंदर स्प्रे ,उमेश साहू रुपलाल साहू, टीकम गुमान, साहू कल्याण देवांगन, एम लाल देवांगन चन्द्र कांत देवांगन, हेमंत साहू तोमन, गजपाल डॉ धनेशवर साहू ,आदि भक्त गण बड़ी संख्या में मौजुद रहेंगे। यह जानकारी दरबार प्रति निधी चंन्द्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू ने दी।

# वाट्सअप में मेसेज भेज कर 27,500 रूपये की धोखाधड़ी, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

वाट्सअप ग्रुप के माध्यम से मुर्गा खरीदी के नाम पर 27,500 रूपये का धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है जिसमे पीड़ित युवक ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसमे पुलिस ने धारा 318(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम नाहंदा थाना देवरी जिला बालोद निवासी मयंक कुमार देवांगन पिता महेन्द्र कुमार देवांगन 21 वर्श ने पुलिस को बताया कि मेरे मोबाईल मे दुर्ग सेवल के नाम से व्हाट्सअप ग्रुप बनाये हैं, जिसमें मैं व मेरा दोस्त प्रदीप नाग ग्रुप एडमिन हैं, इसी ग्रुप को मोबाईल धारक अज्ञात व्यक्ति द्वारा इसी ग्रुप से मेरा मोबाईल नंबर को लेकर मुझे मैसेज किया और मुर्गा का फोटो व वीडियो भेजकर कहां तुम मुर्गा खरीदोगे क्या, जिस पर मेरे द्वारा सहमति देकर मुर्गा का बिक्री रकम पूछा, उन्होंने मुझे 4 मुर्गा का रकम 14,700 रूपये बताते हुये कहा मुर्गा खरीदना हैं तो मेरे नंबर में रकम भेजना होगा तब मेरे द्वारा उसके मोबाईल नंबर में ग्राम नाहंदा मे मेरे घर से 3 जुलाई 2025 को 1200 रूपये, 1000 रूपये 4 जुलाई 2025 को 1500 रूपये 5 जुलाई 2025 को 2000 रूपये व 1500 रूपये 6 जुलाई 2025 को 4000 रूपये और 17 जुलाई 2025 को 2000 रूपय कुल 13200 ⏭ शेष पेज 10 पर

## सत्र न्यायालय ने चेक बाउंस मामले में निचली अदालत का फैसला यथावत रखा

**बालोद।** अपर सत्र न्यायालय ने चेक बाउंस मामले में अधीनस्थ अदालत का फैसला यथावत रखने का सुनाया फैसला अधिवक्ता भेष कुमार साहू के बताये अनुसार - परवादी प्यारे लाल कौशिक (58 वर्ष) निवासी झलमला ने आरोपी संतोष कुमार सोनकर (45 वर्ष) निवासी जुर्रिपारा, बालोद को बोर मशीन कमीशन पर बोर खुदाई का कार्य दिया था, जिसकी बकाया रकम कि मांग करने पर आरोपी ने रु 3,50,000/- का चेक (भारतीय स्टेट बैंक, बालोद) का दिया, जो पर्याप्त निधि न होने के कारण अनादरित हो जाने पर निचली अदालत ने आरोपी को दोषी पाते हुए 06 माह के साधारण कारावास और चेक में उल्लेखित राशि 3 लाख 50 हजार रु के जुर्माने की सजा सुनाई थी। उक्त दंड के विरुद्ध अभियुक्त द्वारा दायर अपील पर सुनवाई करते हुए द्वितीय अपर सत्र न्यायालय, बालोद रश्मि उपाध्याय गौर ने अधीनस्थ न्यायालय के निर्णय को यथावत रखने का आदेश पारित की है। संदेश न्यायालय के इस निर्णय को क्षेत्र में नजीर माना जा रहा है। यह फैसला चेक बाउंस व भुगतान में धोखाधड़ी करने वाले व्यक्ति के प्रति न्यायालयों के सख्त रुख का स्पष्ट संकेत देता है।

## खबर संक्षेप

### गाली-गलौच, मामला दर्ज

**बालोद।** गणेश विसर्जन के दौरान व मोबाईल के माध्यम से जातिगत गाली गलौज देने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने गांव के एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ अजाक थाना बालोद मे रिपोर्ट लिखाया है। जिसमे अजाक थाना बालोद द्वारा 3–1 आर–एस, एससीएच, 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम परसोदा, थाना, तहसील, जिला बालोद निवासी झनेश रात्रे पिता ओमप्रकाश रात्रे 24 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 08 सितंबर को शाम लगभग 04 बजे बिंदास चौक ग्राम परसोदा में मनोकामना गणेश उत्सव समिति वालों द्वारा गणेश विसर्जन जुलूस निकाला गया था, जिसमें हम लोग सफेद कुर्ता–पैजामा पहनकर डांस कर रहे थे, और किसी प्रकार से रंग–गुलाल आदि का छिड़काव या प्रयोग नही कर रहे थे। इसी दौरान हमारे गांव के राजेश यादव के द्वारा शराब पीकर मेरे एवं फनीश यादव व धनेश्वहर साहू तथा समिति के अन्य सदस्यों के उपर जबरदस्ती गुलाल का छिड़काव करने लगा– जिसे मैं एवं फनीश यादव, धनेश्वतर साहू तीनों मना किये तो राजेश यादव मुझे जातिगत गाली दिया और हम तीनों को गाली–गलौच किया और अपने पास ⏭ शेष पेज 10 पर

# विश्व ओजोन दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में प्राचार्य आर के देवांगन की अध्यक्षता में विश्व ओजोन दिवस पर लोगों में जागरूकता लाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए। संचालन करते हुए कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता रेशमी साहू ने बताया कि पृथ्वी से लगभग 16 किलोमीटर ऊपर वायुमंडल की कवच जो सूर्य से आने वाली हानिकारक अल्ट्रावायलेट किरणों को पृथ्वी तक पहुंचने से रोकती है। जिसमें अब धीरे धीरे छिद्र होने लगा है। ओज़ोन परत के छरण के लिए मुख्य रूप से क्लोरोफ्लोरोकार्बन, हाइड्रो क्लोरोफ्लोरोकार्बन, स्प्रे गैस, फोम उत्पादन, एरोसॉल उत्तरदायी है।



इंसानों के द्वारा सुविधाओं के लिए किए गए कुछ गलत कार्यों की वजह से वह अब ओज़ोन परत क्षतिग्रस्त हो रही है। ओजोन परत को बचाने के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रतिवर्ष 16 सितंबर को विश्व ओजोन दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में कक्षा 9वीं के शेष, भारती, पायल, लक्ष्मण, वीर एवं साथियों के द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। शाला नायक मयंक देवांगन, साक्षी साहू, दिशा, कुसुम सिन्हा और यामिनी सिन्हा ने अपने विचार प्रस्तुत किए। प्राचार्य आर के देवांगन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पृथ्वी पर ⏭ शेष पेज 10 पर

### युवक का संदिग्ध हालत में शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**बालोद।** ग्राम कोलिहामार में नहर किनारे ग्राम फागुनदाह निवासी पुष्पेन्द्र साहू का शव संदिग्ध हालत मे मिलने से ग्राम में हड़कंप मच गया। जिसके बाद ग्रामीणो द्वारा इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की सभी बिन्दुओ को ध्यान मे रखते हुए जांच मे जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार शव का पहचान घटना स्थल पर स्थित मोटरसायकिल से ग्राम फागुनदाह निवासी पुष्पेन्द्र साहू 27 वर्ष के रूप मे हुई है। बताया गया कि पुष्पेन्द्र साहू को फागुनदाह मे शनिवार को दोपहर के समय अंतिम बार देखा गया था, जिसके बाद पुष्पेन्द्र साहू लापता बताया जा रहा था। जिसके बाद परिजनो द्वारा पुष्पेन्द्र की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिसके बाद युवक की खोजबीन परिजनो के साथ पुलिस द्वारा की जा रही थी। ग्राम कोलिहामार के ग्रामीण सुबह जब खेत देखने जा रहे थे तो नहर के पास एक युवक का शव पड़ा देखा, जिसके पास एक बाईक भी पड़ी थी, जिसकी जानकारी ग्राम कोलिहामार के ग्रामीणो ने पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा तैयार किया, जिसके बाद बाईक के आधार पर युवक की पहचान ग्राम फागुनदाह निवासी पुष्पेन्द्र साहू के रूप मे की गई। जिसके बाद शव का पीएम कराकर शव को परिजनो को सौप दिया गया। बता दे कि पुष्पेन्द्र साहू पीओपी का काम करता था तथा पुष्पेन्द साहू का एक भाई है जो विकलांग है, पुष्पेन्द्र साहू घर कर इकलौता कमाऊ सदस्य था।

## दो बाइक में टक्कर मामला दर्ज

**बालोद।** दो बाईको में आमने सामने टक्कर हो गई, जिसके बाद दोनो ही बाईको के चालको द्वारा एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमे पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम बंजारी थाना मंगचुआ जिला बालोद निवासी राजेन्द्र कुमार चनाप ने पुलिस को बताया कि 19 सितंबर को मैं झुमुक लाल सलामें और दीनू राम करात तीनों झुमुक लाल सलामें के मोटर सायकल में ग्राम पिनकापार से अपने घर ग्राम बंजारी जा रहे थे, मोटर सायकल को दीनू राम करात चला रहा था, रात्रि करीब 08 बजे ग्राम खामभाट से गणेश खपरी के बीच नर्सरी के आगे पहुंचे थे उसी समय सामने तरफ से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी–08–एनबी–6004 का चालक कंवल राम राणा ⏭ शेष पेज 10 पर


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बालोद
मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444





## खबर संक्षेप

### ग्राम पटेल संघ का वार्षिक सम्मेलन 23 को

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्राम पटेल संघ का वार्षिक सम्मेलन 23 सितंबर दिन मंगलवार को राजाराव पठार चारामा मे रखा गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के प्रांताध्यक्ष का आगमन हो रहा है। कार्यकारिणी सदस्य इंद्र कुमार पटेल धनगांव ने सभी ग्राम पटेल भाईयों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर इस सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की है।

### चापड़ लहराकर धमकाने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने धाररदार हथियार दिखाकर लोगों को डराने धमकाने वाले तीन लोगों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों के पास से चापड़ जब्त कर उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की और न्यायिक हिरासत में भेज दिया। भिलाई नगर सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि शनिवार 20 सितंबर को उन्हें सूचना मिली थी कि थाना सुपेला अंतर्गत एक व्यक्ति फरीद नगर मैदान के पास अपने पास रखे धारदार हथियार चापड़ को लहराकर लोगो को डरा धमका रहा है। सूचना मिलते ही सुपेला पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चापड़ जब्त किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राज किशोर निवासी 01/सी सेक्टर 6 थाना भिलाई नगर बताया। इसी दौरान पुलिस को यह पता चला कि स्लाटर हाउस आरके मैदान के पास एक और व्यक्ति लोगों को चापड़ दिखाकर डरा रहा है। सुपेला पुलिस आरोपी सीएच रामाराव निवासी कोसा नाला सुपेला को गिरफ्तार किया। इसके बाद पुलिस की टीम ने संजय नगर सुपेला मार्केट के पास अपने पास रखे धारदार हथियार चापड़ लेकर लोगों को डराने के आरोप में बी. कार्तिक निवासी 01/बी सेक्टर 06 सड़क 06 थाना भिलाई नगर को गिरफ्तार किया।

### अखंड रामधुनी में शामिल हुए भक्तगण

**पाटन।** शक्तिश्वर धाम ओदरागहन में अखंड रामधुनी सम्मेलन का 70वें वर्ष का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास से किया गया है। 48 घंटे सियारामचंद्र की अविरल धारा बही।महायज्ञ में आहुति देने विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग पहुंचे।उन्होंने पूजा अर्चना कर ग्राम एवं क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि, खुशहाली की मंगलकामना की। उन्होंने ऐतिहासिक आयोजन के लिए ग्रामवासियों को बधाई प्रेषित किए। इस अवसर पर कुलेश्वर गंजीर, लक्ष्मीनारायण गंजीर, भोजराम रघुवंशी,नीलकंठ शुक्ला, होमेश साहू, अशोक साहू, चंद्रहास साहू, संतोष जैन, योगेश साहू, महेंद्र गौटिया,बरनू साहू, देवानंद साहू, दाऊलाल यादव, रमेश हिरवानी, सांवतराम साहू,दीनू साहू, घनाराम साहू, सुखराम यादव, राजेंद्र साहू, राजेश हिरवानी, पतिराम साहू, गणेश साहू,धनेश सिन्हा, डीगेश साहू आयोजक समिति एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### बोनस बैठक बेनतीजा समाप्त, बढ़ा असंतोष

**भिलाई।** बीएसपी सहित सेल के हजारों कर्मचारियों के लिए थोड़ी निराशाजनक खबर है। पिछले साल की तरह इस साल भी आज दिल्ली में बोनस को लेकर हुई एनजेसीएस की बैठक बेनतीजा समाप्त हो गई। प्रबंधन व यूनियनों में बोनस राशि को लेकर सहमति नहीं बन पाई। इससे कर्मियों में असंतोष है। यूनियनों ने चेताया है कि यदि पिछले साल की तरह सेल प्रबंधन ने अल्प बोनस राशि वर्कर्स के खाते में एकतरफा डाली तो इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। सालाना बोनस पर आज शनिवार को दिल्ली में हुई एनजेसीएस की बैठक में लंबी मैराथन बार्गेनिंग के बाद देर शाम बिना किसी नतीजा के समाप्त हो गई।

# कला जत्था के माध्यम से लोगों को एड्स और एचआईवी से बचाव की दी गई जानकारी

## मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

कला जत्था के माध्यम से एड्स रोग के प्रति समुदाय को जागरूक किया गया। विकास खण्ड गुरूर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के आदेशानुसार नोडल अधिकारी डॉ जीआर रावटे के मार्गदर्शन एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील भारती की निगरानी में इंटेसिफाइड एड्स जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इसी तारतम्य में कला जत्था के माध्यम से गुरूर बाजार चौक व फागुनदाह हॉट बाजार में जन समुदाय को एड्स की भ्रांतियां, रोकथाम एवं बचाव विषयक प्रस्तुति के माध्यम से किया गया एचआईवी वायरस मानव शरीर में रक्त के माध्यम से संक्रमित व्यक्ति से स्वास्थ्य व्यक्तियों को संक्रमित करता है। रक्त परीक्षण से इनका निदान किया जाता है। जागरूकता के तहत बताया गया कि असुरक्षित यौन संबंध, दूषित सिरिंज निडिल, संक्रमित रक्त को चढ़ाने से। गर्भावस्था व स्तनपान से बच्चे संक्रमित होते हैं। मच्छर के काटने, हाथ मिलने, जूठे बर्तन व जूठे खाने से एचआईवी वायरस नहीं फैलता है। एड्स से बचाव के अंतर्गत अनजान व्यक्तियों से शारीरिक संबंध बनाते समय निरोध का उपयोग, नए डिस्पोजेबल सिरिंज का उपयोग करके बचा जा सकता है। एचआईवी संक्रमित रक्त को चढ़ाने से बचना चाहिए। गर्भावस्था के प्रथम तिमाही में गर्भवती महिलाओं का एचआईवी जांच की जाती है।





## सुविधा : नगर पालिका अध्यक्ष ने पीएम स्वनिधि लोक कल्याण मेला का किया शुभारंभ

# पीएम स्वनिधि योजना से पथ विक्रेताओं को मिलेगा 50 हजार रुपए का ऋण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्ली राजहरा

प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि योजना) के अंतर्गत नगर पालिका दल्ली राजहरा द्वारा लोक कल्याण मेला का शुभारंभ किया गया। इस आयोजन का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू के आतिथ्य में हुआ।

अध्यक्ष तोरण साहू ने जानकारी देते हुए कहा कि पीएम स्वनिधि योजना जून 2020 में प्रारंभ की गई थी, जिसका उद्देश्य शहरी पथ विक्रेताओं को कार्यशील पूंजी ऋण, नियमित ऋण अदायगी के लिए प्रोत्साहन तथा डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देना है। योजना के तहत अब प्रथम ऋण राशि 10,000 रुपए से बढ़ाकर 15,000 रुपए, द्वितीय ऋण 20,000 से बढ़ाकर 25,000 रुपए और तृतीय ऋण 50,000 रुपए तक का प्रावधान किया गया है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर ने बताया कि शहरी पथ विक्रेता समाज की अहम कड़ी हैं, जो सड़क किनारे बैठकर आम जनता को सस्ते दामों में रोजमर्रा की वस्तुएं उपलब्ध कराते हैं। कोविड और अन्य परिस्थितियों में उनका व्यवसाय प्रभावित हुआ, इसलिए केंद्र सरकार ने पीएम स्वनिधि योजना शुरू की है, जिससे पथ विक्रेताओं को राष्ट्रीयकृत बैंकों के माध्यम से अधिकतम 50,000 रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना का लाभ उठाने हेतु नगर पालिका द्वारा विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यालयीन समय में नगर पालिका के परियोजना विभाग में आवेदन प्रस्तुत कर योजना का लाभ उठा सकते हैं।,इस अवसर पर राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के मिशन मैनेजर केतन नायक, पार्षद सुरेश जयसवाल, सामुदायिक संगठक उमेश्वरी नेताम, लक्ष्मी सिन्हा और अभिजीत भगत उपस्थित रहे।



# करकाभाट में श्रमिकों का हुआ निःशुल्क नेत्र परीक्षण



## 32 श्रमिकों को निःशुल्क चश्मा बांटे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम ईकाई बालोद के तत्वाधान में शक्कर कारखाना करकाभाट में श्रमिको का स्वास्थ एवं नेत्र परीक्षण किया गया। नेत्र परीक्षण के दौरान 32 श्रमिक नजदीक नजर की कमी वाले मिले, जिन्हे अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम ईकाई बालोद द्वारा निःशुल्क नजदीक नजर का चश्मा प्रदान किया गया। नेत्र परीक्षण का कार्यक्रम नेत्र सहायक अधिकारी लाटाबोड़ बालोद अर्चना ठाकुर द्वारा किया गया। जिलाधीश दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ जेएल उईके के निर्देशन मे किया गया। सहायक जिला नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि जिले मे 2 सितंबर से 30 सितंबर तक बाल नेत्र सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत स्कूली छात्र छात्रओ का नेत्र परीक्षण किया जा रहा है, दृष्टिदोश वाले छात्रे को निःशुल्क च"मा प्रदान की जावेगी। साथ ही 16 सितंबर से 2 अक्टूबर तक कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत पुरूश एवं महिला का नेत्र परीक्षण किया जा रहा है। महिलाओ, पुरूशो का निःशुल्क नजदीक नजर का च"मा, मोतिया बिंद के मरीजो का निःशुल्क ऑपरेशन जिला अस्पताल मे किया जा रहा है।

# ग्राम भुरकाभाट में आदि सेवा केंद्र शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

ग्राम पंचायत भुरकाभाट में आदि कर्म योगी अभियान अंतर्गत दिनांक 18 सितंबर को आदि सेवा केंद्र का शुभारंभ कर आदि सेवा पर्व का आयोजन स्थानीय देव गुड़ी में किया गया। इस आयोजन हेतु निर्धारित दिशा निर्देश का पालन करते हुए सम्पूर्ण प्रक्रिया का क्रियान्वयन किया गया। सर्व प्रथम उपस्थित समुदाय को जानकारी प्रदान किया गया। जिसमें ग्राम पुस्तिका में उल्लेखित उद्देश्य बहु विभागीय समन्वय के माध्यम से एकल खिड़की प्रणाली आदि सेवा केंद्र के माध्यम से सामूहिक भागीदारी से गांव का सामाजिक आर्थिक बौद्धिक विकास एवं जन जातीय सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए उसे गौरव प्रदान करना है।

ट्रांस्जिक्ट वाक कार्यक्रम का दूसरा महत्व पूर्ण चरण है जिसमें सामूहिक भ्रमण कर ग्राम में स्थापित संसाधन और अंतराल का अवलोकन तथा दर्ज करना है। ग्राम में स्थापित व प्रचलित जनजातीय संस्कृति व मान्यताओं प्राकृतिक सीमा व पहचान चिन्ह की महत्ता प्रतिपादित करते हुए ग्राम का सम्पूर्ण मानचित्रण तैयार किया गया। सामूहिक भ्रमण करते हुए निर्धारित स्थान देव गुड़ी में अपना गांव समृद्धि का सपना प्रपत्र को जन समुदाय की सहमति से भरा गया। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक रूप से आदि कर्मयोगी शपथ ग्रहण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री एस के नंदा (ब्लाक मास्टर्स ट्रेनर) दीपक ठाकुर ( सरपंच) बुद्धेश्वर साहू (सचिव) एवं सभी आदि सहयोगी व साथी तथा ग्राम के गणमान्य नागरिक तथा महिला व पुरूष उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।




समुदाय ने लिया आदि कर्मयोगी शपथ

# रजत जयंती पर महाविद्यालय में पुस्तक मेले का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती वर्ष 2025 के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय खेरथा में पुस्तकालय विभाग द्वारा एक पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। यह मेला 20 सितंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक महाविद्यालय परिसर में आयोजित हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ यासर कुरैशी के मार्गदर्शन में आयोजित इस पुस्तक मेले में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, स्टॉफ और पुस्तक प्रेमी उपस्थित रहे। विभिन्न प्रकाशकों, पुस्तक विक्रेताओं और पुस्तकालयों ने शैक्षणिक, साहित्यिक, सामान्य ज्ञान, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित और शोधपरक पुस्तकों का प्रदर्शन किया। ग्रंथपाल रणजीत कुमार और ग्रंथालय प्रभारी गायत्री नेताम ने बताया कि मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तक जगत की नवीनतम जानकारियों से अवगत कराना और उनमें पठन की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करना था। प्राचार्य डॉ यासर कुरैशी ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में पठन संस्कृति, ज्ञानार्जन और साहित्यिक अभिरुचि को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में रजत जयंती के नोडल अधिकारियों प्रदीप कुमार, सहायक प्राध्यापक रुम लाल, अतिथि व्याख्याता कोमलराम रावटे, शशिकमल यादव, संतोष देवांगन, विनीता गजभिए, डॉ रामकुमारी, संगीता चंद्राकर, नम्रता कटझरे और अन्य कर्मचारियों ने अपनी भूमिका निर्वहन किया। कार्यक्रम एनडीएलआई प्लेटफार्म पर भी आयोजित किया गया। पूरे कार्यक्रम में उत्साहपूर्ण वातावरण रहा और यह आयोजन रजत जयंती वर्ष समारोह की दृष्टि से अत्यंत सफल और सार्थक सिद्ध हुआ।



# सरकार की दीदी के गोठ कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरक

## ग्राम पंचायत तिरगा में समूह के महिलाओं ने सामूहिक रूप दीदी के गोठ श्रवण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान समूह के महिलाओं के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आयोजित दीदी के गोठ विशेष आकाशवाणी रेडियो कार्यक्रम ग्राम पंचायत तिरगा में समूह के महिलाओं ने सामूहिक रूप से श्रवण किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने बहुत अच्छी प्रेरणा प्राप्त किया। यह कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण, उनके आजीविका से जुड़े उत्कृष्ट कार्यों और सफलता की कहानियों को साझा करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा शुरू किया गया है। इस अवसर पर सरपंच घसिया राम देशमुख, सचिव सूर्यकांत देशमुख, उपसरपंच सुखीत राम, पंच कुलेश्वरी देशमुख, गोवर्धन ढीमर, जय माँ शीतला स्व सहायता समूह, जय अम्बे स्व सहायता समूह, क्रांति समूह तिरगा, स्वास्थ्य समिति तिरगा क्लस्टर अंडा जिला दुर्ग समूह सदस्य गण ग्राम तिरगा पशु सखी एवम कृषि सखी उपस्थित थे। सरपंच जी ने बताया रेडियो कार्यक्रम से बिहान स्व सहायता समूहों के महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाते है बल्कि उन्हें अपने क्षेत्र में नए अवसरों आजीविका के साधनों को अपनाने के लिए भी प्रेरित करते है।






### पीसीसी अध्यक्ष बैज ने हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाने पर जोर दिया

**गुण्डरदेही।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं बस्तर के पूर्व सांसद दीपक बैज शनिवार को संक्षिप्त प्रवास पर गुण्डरदेही रेस्ट हाउस पहुंचे। जहां गुण्डरदेही के कांग्रेसजनों ने उनसे मुलाकात की। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी सहित उपस्थित सभी कांग्रेसजनों से वोट चोर, गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान में अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आव्हान किया।

## पेज 9 के शेष...

### वाट्सअप में मेसेज

रूपया भेजा व इसी प्रकार मेरे दोस्त प्रदीप नाग के द्वारा अपने पापा के मोबाईल नंबर से भी दो मुर्गा के खरीदने लिए 14,300 रूपये मोबाईल नंबर के धारक को फोन पे के माध्यम लिया गया हैं। आरोप है कि रकम लेने के बाद भी मुर्गा नही दिया। मोबाईल नंबर के धारक अज्ञात व्यक्ति ने प्रवंचना रचकर बेईमानी से मुझे व मेरे दोस्त को मुर्गा बिक्री करने के नाम से कुल 27,500 रूपया लेकर धोखाधडी किया हैं।

### गाली-गलौच...

रखे हुए स्टील का मोटा व लंबा पाईप से हम लोगों को मारने के लिये दौड़ाया, तब वहां उपस्थित मेरी मां समिता बाई, चाची लक्ष्मी बाई एवं अन्य लोगों के द्वारा बीच–बचाव किये। उक्त घटना के कुछ देर बार राजेश यादव के द्वारा अपने मोबाईल नंबर से फनीश यादव को मोबाईल नंबर में मैसेज भेजकर गाली देकर जान से मारने की धमकी दिया और उसके बाद 4.38 बजे मेरे मोबाईल नंबर में मैसेज भेजकर जातिगत गंदी, अश्लील व अपमानजनक गाली–गलौच कर धमकी दिया।

### विश्व ओजोन...

जीवन रक्षा के लिए ओजोन परत बहुत आवश्यक है। इससे बचाने के लिए हमें रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशनर का नियमित रख रखाव करना चाहिए तथा गैस के रिसाव को रोकना चाहिए। व्यक्तिगत वाहनों के बजाय सार्वजनिक परिवहन का उपयोग एवं ओजोन फ्रेंडली लेवल वाले उत्पाद ही खरीदने चाहिए। व्याख्याता हैपशीबा एंथोनी और यूथ एण्ड इको क्लब प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ओजोन परत को बचाने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधारोपण करना तथा उनका संरक्षण करना होगा। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टी एल देवांगन, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हर्षा देवांगन, भागवत साहू, महेश रावटे, वेद प्रकाश साहू, रवि देवांगन, बिंदु पटेल, बिंदु साहू, कुंदन यादव एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

### दो बाइक में टक्कर...

निवासी ग्राम कुतुल बोड भांठागांव ने सामने से ठोकर मार दिया जिससे मेरा दाहिना पैर के घुटना के नीचे, झुमुक लाल सलामें के दाहिना पैर के घुटना के नीचे में चोंट लगा है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम कुतुलबोड भांठागांव थाना लालबाग जिला राजनांदगांव निवासी कंवल राम राणा ने पुलिस को बताया कि 19 सितंबर को अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी–08–एनबी–6004 में ग्राम कुतुलबोड भांठागांव से ग्राम अन्नुटोला अपनी साली को छोडने के लिये गया था। अपने मोटर सायकल में शाम के समय वापस अपने घर ग्राम कुतुलबोड भांठागांव आ रहा था कि रात्रि करीब 08 बजे ग्राम गणेश खपरी से ग्राम खामभाट के बीच नर्सरी के पास पहुंचा था उसी समय सामने तरफ से आ रही मोटर सायकल का चालक दीनू राम करात मुझे सामने से ठोकर मार दिया जिससे मेरा बांया हांथ के कंधा, बांया आंख के भौं के पास, बांया पैर के घुटना, दाहिना हांथ के अंगुठा में चोंट लगा है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफ़ेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



# भगवान दत्तात्रेय महायज्ञ व प्राणप्रतिष्ठा



**दिनाँक**
**22 सितम्बर 2025**
**से**
**30 सितम्बर 2025**



**यज्ञाहुति समय**
**प्रातः 11:00 बजे**
**से**
**दोपहर 01:00 बजे तक**

साधु प्रसन्न, भरे घर भण्डार।
साधु बिगड़े, होवे बंटाधार॥

## नवरात्रि नौ दिन की होती है दस दिन की नहीं

प्रथमं शैलपुत्री च द्वितीयं ब्रह्मचारिणी।
तृतीयं चन्द्रघण्टेति कूष्माण्डेति चतुर्थकम्॥
पंचमं स्कन्दमातेति षष्ठं कात्यायनीति च।
सप्तमं कालरात्रिति महागौरीति चाष्टमम्॥
नवमं सिद्धिदात्री च नवदुर्गा प्रकीर्तिताः॥

देवी पार्वती ने सोचा मेरे पास ऐसा रक्षक क्यों नहीं, जो सिर्फ मेरा हो। फिर पार्वती जी ने अपने हल्दी के उबटन से एक बालक बनाया और अपने दिव्य शक्ति से उसमें प्राण फूंक दिया। फिर पार्वती ने उसे आदेश दिया कि जब तक वह स्नान करके बाहर ना आ जाए तब तक किसी को भी भीतर नहीं आने देना। संयोग से इसी दौरान भगवान शिव वहां आए उन्होंने भीतर जाना चाहा परंतु गणेश जी जो शक्ति के साक्षात स्वरूप हैं द्वार पर अटल खड़े रहे, उन्होंने शिवजी को भीतर जाने से रोक दिया, शिवजी ने समझाया, विनती की, पर गणेश जी नहीं माने, दोनों के बीच भीषण युद्ध हुआ। शिवजी का सब्र टूट गया, क्रोधित शिव जी ने त्रिशूल से गणेश जी का सिर काट दिया। देवी पार्वती को जब पता चला कि शिव ने गणेश का सिर काट दिया है, तो उनका क्रोध व दुख इतना भयानक था कि पूरा ब्रह्मांड कांपने लगा। शिवजी समझ गए अगर उनके पुत्र को तुरंत जीवित नहीं किया गया, तो पूरी सृष्टि का विनाश कर देगी, शिवजी ने गणेश की धड़ पर हाथी का मस्तक लगाकर जीवन दान दे दिया तभी से शिवजी ने उन्हें संपूर्ण सामर्थ्य और शक्तियां प्रदान करते हुए प्रथम पूज्य और गणों का देव बनाया।



**संत श्री माता जी**
**संस्थापक**
**तीर्थराज देवि निकुंभला**
**राजलक्ष्मी मंदिर**
**जय शक्ति आश्रम**
**ग्राम – निकुम, जिला – दुर्ग (छ.ग.)**

तीर्थराज देवि निकुंभला मंदिर व
नगरी निर्माण कार्य जिसमे 4 एकड़ मंदिर
7 एकड़ परकोटा 25 एकड़ परिसर भूमि
जिसकी लागत एक लाख एक हजार करोड़ रुपये होगी
इस उद्देश्य को लेकर संत श्री माताजी

**तत्व तत्व से बनेगा तीर्थराज देवि निकुंभला धाम। एक दिन सारे जगत में होगा छत्तीसगढ़ का नाम॥**

## खबर संक्षेप



### शोभायात्रा निकाल कर किया विश्वकर्मा मूर्ति विसर्जन

**अंडा।** शैलदेवी आई टी आई में विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर सृजन और शिल्प के देवता भगवान श्री विश्वकर्मा की पूजा की गई। इस अवसर पर संस्था में भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित की गई। साथ ही सभी कार्यशालाओं इलेक्ट्रीशीयन, फिटर, सोलर तकनीशियन एवं कोपा व स्टेनो लैब में विधिवत पूजन कार्य किया गया। इस अवसर पर सस्था के संचालक राजन कुमार दुबे, संस्था के प्राचार्य, प्रशिक्षण अधिकारी एवं समस्त प्रशिणार्थीगण उपस्थित रहे। 19 सितम्बर को भव्य शोभायात्रा के साथ भगवान श्री विश्वकर्मा का विसर्जन कर विदा किया गया।

### शिवसेना की मजबूती और आगामी चुनाव रणनीति जोर : पारख



**बालोद।** शिवसेना पार्टी ही छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण, छत्तीसगढ़ की अपनी एक अलग पहचान, छत्तीसगढ़ में हिंदुत्व की कट्टर ललकार, छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक परम्पराओं एवं आम जनसरोकार का सशक्त संगठन है। उक्त बाते शिवसेना के बालोद जिलाध्यक्ष विजय पारख ने कही। विजय पारख ने कहा प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के पिछले चालीस वर्षों से अधिक के नेतृत्व वाली शिवसेना को राष्ट्रीय प्रमुख एकनाथ शिंदे ने लिया है। इस वर्ष मात्र दो माह के भीतर पार्टी के राष्ट्रीय सचिव कैप्टन अभिजीत अडसूल और अब एनडीए गठबंधन में राष्ट्रीय मुख्य समन्वयक डॉक्टर अभिषेक वर्मा का छत्तीसगढ़ प्रवास कार्यक्रम, राज्य ईकाई की संगठनात्मक बैठकें लेना शिवसेना के लिए मजबूत प्रदान करने मे सहायक होगा।

### फागुनदाह में चलाया स्वच्छता अभियान

**गुरूर।** सेवा सहकारी समिति मर्यादित फागुनदाह में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। सफाई अभियान मे समिति प्रबंधक राजेश्वर राव के साथ शेखर, चोवा राम, छन्नू लाल, टिकेश्वर वं कृषकगण प्रहलाद साहू, परमेश्वर साहू, दशरथ निर्मलकर, त्रिभुवन साहू, तोषण मरकाम, नारायण चंद्राकर एवं कृषक की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### सिद्ध बाबा धाम में होगी ज्योति कलश की स्थापना

**डौंडीलोहारा।** ग्राम गैजी के पहाड़ी वाले बाबा के नाम से विख्यात सिद्ध बाबा ज़ी के पावन दरबार मे 22 सितंबर दिन सोमवार को ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं के द्वारा अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए ज्योति प्रज्वलित किया जायेगा,जिसमे आसपास गांव के लोग भी श्रद्धा के दीप प्रज्वलित कर अपने कष्टों के निवारण के लिए प्रार्थना करते है, बाबाजी एकांत ऊंचे पहाड़ी मे विराजमान होने के कारण भक्तों की भीड़ अधिक रहती है, गांव के सबसे वयोवृद्ध प्रेमसुख देशमुख जिन्होंने बाबाजी के सानिध्य मे रहकर सिद्धि की प्राप्ति की है, उन्होंने बाबाजी के बारे मे बताया कि वे स्वप्न में आये और कहा मैं खुले आसमान में व एकांत में वास करूंगा, जबकि ग्रामवासी मंदिर निर्माण कर विराजमान करने के लिए बाबाजी से प्रार्थना किया गया। जिसे स्वीकार नहीं किया तब से वहीं स्थापित किया गया,आगे उन्होंने बताये की जो भी उनके शरण मे श्रद्धा भाव से जाते है तो उनकी मनोकामना की पूर्ति जरूर बाबाजी पूरा करते है। ग्राम पटेल चंदू यादव ने कार्यक्रम के बारे मे बताया कि 22 सितंबर दिन सोमवार को ज्योति कलश स्थापना। 27 सितंबर शनिवार पंचमी पूजन कार्यक्रम 30 नवंबर मंगलवार को हवन पूजन का कार्यक्रम 1 नवंबर बुधवार को ज्योति कलश विसर्जन एवं शोभा यात्रा तथा प्रसादी वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा।

# सेवा सहकारी समिति की बैठक में कृषकों को जैविक खेती संबंध में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद/कलंगपुर

गुण्डरदेही ब्लाक के सेवा सहकारी समिति मर्यादित कलंगपुर की वार्षिक आमसभा की बैठक स्थानीय समिति परिसर मे समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष दिलीप कुमार कुल्हारे के अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ।

उक्त अवसर पर सेवा सह समिति के कृषकगणों के साथ जिला तथा ब्लाक के अधिकारी उपस्थित होकर आमसभा मे उपस्थित कृषकों को जैविक खेती, गन्ना की खेती संहित तरल डीएपी एवं नैनो यूरिया के संबंध मे जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ कृषक इष्टदेव भगवान बलभद्र की पूजा-पाठ कर किया गया। तत्पश्चात समिति द्वारा कृषक पुरखा सम्मान समारोह आयोजित किया जहां समिति के कर्मचारियों ने बुजुर्ग कृषकों को स्मृति चिन्ह व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया, साथ ही समिति के सहायक प्रबंधक तीजू राम कुल्हारे के द्वारा आमसभा मे उपस्थित अतिथियों एवं कृषकों का सम्मान व स्वागत उद्बोधन करते हुए समिति के प्रगति प्रतिवेदन का वाचन तथा सन 2025-2026 के वित्तीय पत्रे के अनुमोदन के संबंध मे जानकारी दी गई। बताया गया कि समिति के कृषक सदस्यों को खरीफ 2024-25 मे कुल 626,59लाख रुपए ऋण वितरण किया गया। समिति ने खाद व्यवसाय मे इस वर्ष खरीफ सीजन मे 72 लाख 92 हजार रुपए तक का व्यवसाय किया जा चुका है। समिति द्वारा विगत 17-18 वर्षो से लिंकिंग एवं समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य किया जा रहा है। इस चालू वर्ष मे समिति ने कुल 20 करोड़ रुपए का धान खरीदने का लक्ष्य रखा गया है।

### वार्षिक आमसभा में बुजुर्ग कृषकों का हुआ सम्मान



#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मुख्य रूप से गुण्डरदेही शाखा प्रबंधक एमपी ठाकुर, तिलक राम साहू, कृषि विस्तार अधिकारी प्रियंका जांगड़े, दीप्ति साहू, शुभम कुमार, गन्ना विकास अधिकारी हाकीम सिंग, भीखम ठाकुर, विसम्भर साहू, श्यामलाल पटेल, टहल साहू, नाथूराम साहू, कुशल राम साहू, ज्ञानेश्वर साहू, चन्द्रकुमारी साहू, समिति पर्यवेक्षक बीआर चन्द्राकर, इन्द्रजीत कुल्हारे, सुखदेव देवांगन, नारायण साहू सहित कृषक उपस्थित थे।



**प्रवचन : धर्म जीवन में आदर्श सिखाता है**

# जीवन में आनंद उन्हें मिलता है जो सत्य के पक्ष में चलते हैं : मुनिराज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जामगांव आर

जैन धर्मावलंबी चातुर्मास में साधु साध्वी भगवन्तों की निश्रा में जीवन कल्याणकारी तपस्या धर्म आराधना करते है। इसी तारतम्य में नवागांव वाले भंवरलाल गोलछा के ज्येष्ठ पुत्र छगनलाल (गोलू) गोलछा ने किया। मासखमण 1 माह उपवास का पारणा शुक्रवार 19 सितम्बर 2025 को किया और 21 सितम्बर को साजा में भव्य बरगोड़ा जैन श्री संघ साजा एवं माहेश्वरी श्री संघ साजा के नेतृत्व में निकाल कर तपस्वी छगन गोलछा का बहुमान करते हुए अनुमोदना किया।

उल्लेखनीय है कि आदिनाथ परमात्मा की छत्र छाया में परम पूज्य आचार्य विजय योग तिलक सुरीश्वर जी महाराज के विद्वान शिष्य मुनि भगवंत श्वेत तिलक सुरीश्वर जी महाराज आदि ठाणा 7 विदुषी शिष्या साध्वी चौत्यदर्शिता श्री जी साध्वी भगवंत आदि ठाणा 8 का वर्षावास धर्म नगरी साजा में है। साजा में विराजित 15 जैन साधु साध्वियों की निश्रा में छगन गोलछा का मासखमन तप साधना फलीभूत हुई। समारोह के अंतिम में सामूहिक साधर्मिक भोज गोलछा परिवार द्वारा आयोजित किया गया। समारोह में निशक्त जन वित्त आयोग अध्यक्ष लोकेश कावड़िया, छत्तीसगढ़ बाल कल्याण परिषद महासचिव चंद्रेश शाह, साजा विधायक ईश्वर साहू, जैन समाज वरिष्ठ पुखराज दुगड़ जयचंद दुग्गड, पूरनलाल बागरेचा, नथमल कोठारी, धरमचंद छाजेड़, संजय सांखला, कमलेश सांखला, निकेश जैन, साजा नगरपंचायत पूर्व अध्यक्ष हरिशंकर टावरी, नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु वर्मा, माहेश्वरी पंचायत सचिव लक्ष्मीनारायण चांडक, संरक्षक कुंदनमल गांधी, महेंद्र राठी विशेष रूप उपस्थित थे।

**अपने अंदर रावण को जगह ना बनाने दे-** मुनिराज कंचन तिलक विजय श्री जी ने कहा कि हजारों वर्षों से रावण का वध करते आ रहे है लेकिन खुद के अंदर पल रहे रावण रूपी चरित्र पर नियंत्रण करने में सफल नहीं हो पा रहे है जीवन में आनंद उन्हें मिलता है जो सत्य के पक्ष में चलते है। राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न भाइयों के आदर्श को अपनाए धर्म दुर्गति से बचा सकता है। धर्म जीवन में आदर्श सिखाता है। दुर्जनों से बचे सज्जनों का संगत करे भला होना तय है।



**जैन भवन में गोलछा परिवार ने गोलू का किया बहुमान**

जैन भवन में गोलछा परिवार ने किया बहुमान समारोह का आयोजन पन्नालाल पारस बाई, सोनराज चंदादेवी, भंवरलाल, कंचन बाई, आसकरण, निर्मला देवी गोलछा, प्रेमी सेठिया, भारती चोपड़ा सहित परिजनों ने बहुमान किया। भव्य बरगोड़ा बहुमान समारोह में जैन श्री संघ जामगांव आर, बालोद, दुर्ग, रायपुर, राजनांदगांव, दल्लीराजहरा, डोंगरगढ़, बीजा, थान खम्हारिया, कवर्धा, शिकारीबीजा, देवकर, धमधा, अहिवारा आदि के सदस्यों ने साधर्मिक गरिमामय उपस्थिति प्रदान किए।



# नवरात्रि पर्व पर ब्रह्माकुमारी आत्मज्ञान भवन में भव्य झांकी का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्रि के पावन अवसर पर चैतन्य देवियों की झांकी रखी जा रही है। इस यह झांकी 25 सितंबर से 30 सितंबर तक प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक संचालित होगी।

ब्रह्माकुमारीज बालोद की मुख्य संचालिका बीके. विजयलक्ष्मी दीदी ने बताया कि ब्रह्माकुमारीज द्वारा दी जाने वाली मुख्य शिक्षा राजयोग है, जिसके द्वारा मन को एकाग्र करने की कला सिखाई जाती है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण इस झांकी के माध्यम से देखने को मिलता है। प्रतिदिन राजयोग का अभ्यास करने वाली यह देवी बहने अपने घर गृहस्थ में रहकर 1 घंटे का समय निकालकर प्रतिदिन सत्संग एवं राजयोग के अभ्यास से ऐसी स्थिरता को प्राप्त करती हैं, जो लगातार 3 घंटे तक एकाग्र मुद्रा में ऐसे बैठती हैं मानो कोई मूर्ति विराजमान हो।

आने वाले नवरात्रि मे चतुथएँ से संचालित इस झांकी की सभी तैयारिया पूर्ण हो चुकी है। इसमें संगीत एवं प्रकाश का अद्वितीय समन्वय देखने को मिलेगा, इस चैतन्य झांकी को देखने नगर सहित ग्रामो से भी बड़ी संख्या मे ग्रामीण पहुंचते है।

# श्री विश्वकर्मा मूर्ति की विधिवत पूजा-अर्चना कर किया विसर्जित



हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंडा क्षेत्र अंतर्गत चिंगरी, अछोटी, कुथरेल, चंदखुरी, विनायकपुर, निकुम, ओटेबंद, जंजगिरी सहित अन्य गाँव में विश्वकर्मा पूजा श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। ठेकेदार,मजदूर गैरेज, ऑटोमोबाइल वर्कशॉप सहित कई स्थानों पर भगवान विश्वकर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। पूजा के उपरांत विश्वकर्मा प्रतिमा का विसर्जन स्थानीय तालाब में शांतिपूर्ण ढंग से किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने विधिपूर्वक पूजा कर अपने औजारों, मशीनों और उपकरणों की सफाई कर उन्हें सजाया और कार्य में कुशलता व सफलता की कामना की। विश्वकर्मा पूजा को लेकर क्षेत्र के बाजारों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। दुकानों को रंग-बिरंगे फूलों, झालरों और लाइटों से सजाया गया था। पूजा के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया तथा कई स्थानों पर भंडारे का आयोजन भी हुआ, जिसमें लोगों ने श्रद्धा और भक्ति भाव से भाग लिया। इस दौरान बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया। दूखित राम देशमुख ठेकेदार अगर देशमुख खोरबाहरा साहू चरान देशमुख विनय साहू जगन्नाथ साहू पालन साहू छन्नू लाल साहू हरिश्चंद साहू राजू लाल साहू अजय साहू नीलकण्ठ सिन्हा परमेश्वर सिन्हा गोलू सिन्हा सुमेर सिंह भगत राम देशमुख, चिंगरी से अर्जुन साहू, ओमकार साहू शंकर पटेल, रोशन देशमुख, पवन देशमुख आदि उपस्थित रहे।

# पेंशनर समाज की हुई मासिक बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर

छत्तीसगढ राज्य पेंशनर समाज तहसील ईकाई गुरुर की मासिक बैठक पेंशनर भवन गुरुर में आयोजित किया गया। बैठक अतिथियों द्वारा विद्या दायनी मां सरस्वती के पूजन अर्चन के साथ प्रारंभ हुआ। बैठक में अध्यक्ष सेवाराम तेजस्वी, जिलाध्यक्ष बालोद जीके.साहू, संरक्षक नेमसिंह साहू, संरक्षक सीताराम सोनखुटिया उपाध्यक्ष, मंतराम राजपुरिया, उपाध्यक्ष लीला पंचागम, पुराणिक राम सिंहा सदस्य गणेश राम साहू ग्राम जुगदेही ने विचार व्यक्त किए।

बैठक मे भैय्याराम देवान, उपाध्यक्ष लीला पंचागंम व सदस्य बी.पटेल का जन्म दिवस पर अभिनन्दन किया गया। नये सदस्य के रुप में नेमसिंह साहू, छगन लाल वारदेय, कलिराम यादव, भीखारी राम कुमेटी का अभिनन्दन किया गया। कोषाध्यक्ष सम्मेराम यादव ने आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किए, 31 अगस्त की स्थिति में 92923 कोष में अवशेष है। किरण साहू जुगदेही ने जानकरी दिये कि खान-पान संयमित रखें। एलोपैथिक दवाई पर निर्भरता कम करें व आयुर्वेदिक औषधियों का उपयोग करे। 70 वर्ष से अधिक उम्र के पेंशनर आयुष्मान कार्ड बनवा ले। आधार कार्ड अपडेट करा लीजिए। पेंशनरों के लिए 2 प्रतिशत डी.ए का आदेश छत्तीसगढ राज्य शासन द्वारा नही किया गया, उसके लिए प्रयास किया जाए। आवश्कता पड़ने पर बैंक से पेंशनर अधिकतम 1500000 व परिवार पेंशनर 500000 तक कर्ज ले सकते हैं। प्रत्येक बैंक खाता में नामनी हो। आवश्यकतानुसा चेक बुक और एटीएम. का उपयोग कीजिए। पीपीओ. वाले आदेश को सुरक्षित रखें। बैंठक के कार्यवाही लेखन सहसचिव रामकुमार सिंहा ने किया। कार्यक्रम का संचालन आरडी. साहू ने किया व आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष मंतराम राजपुरिया ने किया।

बैठक में एनूराम सोनवानी, अभ्यास राम महंत, बीएस.आर्य, बिष्णूराम साहू, यूएस.नागवंशी, एलएस.साहू, वेदप्रकाश भेंसलें रमेश कुमार कौमार्य, इंदलसिंह साहू, ओमप्रकाश पटेल, इंद्रेश कुमार देवांगन, ईश्वर लाल,सिंहा, लक्ष्मीनारायण कटेन्द्र, गोवर्धन लाल यादव, राधेश्याम मिथिलेश सहित पेंशनर उपस्थित थे।





### सरकार गरीबों की जेब पर डाल रही डाका : रतिराम कोसमा

**दल्ली राजहरा।** छत्तीसगढ़ में बढ़े हुए बिजली बिल को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस का आरोप है कि प्रदेश की सरकार ने जानबूझकर गरीब और मध्यम वर्गीय उपभोक्ताओं को महंगाई के जाल में फंसाने का काम किया है। विधायक अनिला भेड़िया के प्रतिनिधि रतिराम कोसमा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भाजपा सरकार ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की 400 यूनिट तक हाफ बिजली बिल योजना को बंद कर आम जनता की कमर तोड़ दी है। इसके चलते इस माह उपभोक्ताओं के बिजली बिल लगभग दोगुने आ रहे हैं।



उन्होंने कहा कि महज 100 यूनिट तक की छूट का ढोल पीटकर सरकार जनता को गुमराह कर रही है। सामान्य परिवार में टीवी, पंखा और कुछ लाइट के साथ भी खपत आसानी से 100 यूनिट से ज्यादा हो जाती है। ऐसे में किसी को भी इस योजना का वास्तविक लाभ नहीं मिल रहा, कोसमा ने कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार महतारी वंदन योजना के नाम पर रु 1000 देकर वाहवाही लूट रही है।




# भाटापारा वार्ड 20 को 20 साल बाद मिला स्थायी बिजली कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

नगरपालिका परिषद बालोद अन्तर्गत वार्ड 20 भाटापारा में विगत 20 वर्षों के इंतजार के बाद अब स्थाई विद्युत कनेक्शन मिलने का रास्ता खुल गया है, वार्ड वासियों को नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने घरों में विद्युत कनेक्शन हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया। विदीत हो कि पुर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं विधानसभा प्रत्याशी रहे राकेश यादव ने चुनाव से पुर्व यहा 26 विद्युत पोल ट्रांसफार्मर सहित शासन से राशि स्वीकृत कराया था, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने यहा 13 लाख रुपए की लागत से सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण कराया था, भारतीय जनता पार्टी शहर महामंत्री जिला कार्य समिति सदस्य एवं पुर्व पार्षद संतोष कौशिक ने बताया कि वार्ड 20 भाटापारा के रहवासियों को मुलभुत सुविधा उपलब्ध कराने में भाजपा की सरकार मे कोई कसर नही छोड़ी है पानी बिजली सड़क जैसे सुविधा मिलने पर वार्ड वासीयों में खुशी का वातावरण है।



भाटापारा में विगत 20 वर्षों मे नगरपालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, वार्ड पार्षद कसुमुददीन कुरैशी, पुर्व पार्षद संतोष कौशिक के अथक प्रयासों से यह संभव हो पाया है। भाटेश्वर महादेव मंदिर समिति के राधा कौशिक, रागनी साहू, किरन साहू, सुरेखा साहू, ललिता साहू ने कहा कि उपरोक्त सभी नेताओं को आमन्त्रित कर स्वागत अभिनन्दन किया जावेगा।




